हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि
रोहतक, गुरुवार, 12 जून 2025

तापमान
अधिकतम 42.0 डिग्री
न्यूनतम 27.0 डिग्री

10 संत कबीर साहिब प्रकटोत्सव श्रद्धा के साथ मनाया, श्रद्धालुओं ने...



10 अच्छी तस्वीर केवल एक क्लिक नही बल्कि....



## खबर संक्षेप

### अवैध असलहा के साथ एक चढ़ा पुलिस हत्थे

**जींद।** डिटेक्टिव स्टाफ ने गांव लिजवाना खुर्द के निकट एक युवक को काबू कर उसके कब्जे से एक पिस्तौल बरामद किया है। जुलाना थाना पुलिस आरोपित से पूछताछ कर रही है।

डिटेक्टिव स्टाफ को सूचना मिली थी कि गांव लिजवाना खुर्द बस अड्डे के निकट एक युवक अवैध असलाह के साथ खडा हुआ है। जो कहीं जाने की फिराक में है।

### बंधक बनाकर मारपीट करने का आरोप, केस

**कैथल।** चीका पुलिस ने एक व्यक्ति को बंधक बनाकर उसके साथ मारपीट करने के आरोप में चार व्यक्तियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। गांव पीडल के बलराम ने चीका पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया है कि 8 जून को गांव के ही जोनी, निहाल सिंह ने अपने तीन चार अन्य साथियों के साथ मिलकर उसे खेत में बंधक बना लिया था।

### एक किलो नौ ग्राम चरस के साथ एक व्यक्ति दबोचा

**जींद।** डिटेक्टिव स्टाफ ने गांव कंडेला सीएचसी के निकट एक व्यक्ति को काबू कर उसके कब्जे से एक किलो नौ ग्राम चरस बरामद की है। सदर थाना आरोपित से पूछताछ कर रही है। डिटेक्टिव स्टाफ को सूचना मिली थी कि गांव कंडला सीएचसी के निकट एक व्यक्ति नशीले पदार्थ के साथ खड़ा हुआ है और उसे बेचने के लिए ग्राहकों का इतंजार कर रहा है।

### ट्रक चोरी गिरोह में शामिल दो गिरफ्तार

**कैथल।** एसपी आस्था मोदी के आदेशानुसार शिकंजा कसते स्पेशल डिटेक्टिव युनिट प्रभारी एसआई रमेश चंद की अगुवाई में एएसआई तरसेम सिंह की टीम द्वारा गांव खरक पांडवा निवासी कृष्ण कुमार व गांव गुलियाना निवासी मोहित को काबू कर लिया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि स्पेशल डिटेक्टिव युनिट 29 मई को थाना पुंडरी क्षेत्र में मौजूद थी।

### साथ जाने ने मना करने पर युवकों को पीटा, केस

**जींद।** गांव बेलरखां में युवक ने जाने से मना किया तो आरोपितों ने हमला कर घायल कर दिया। सदर थाना नरवाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर तीन युवकों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

गांव बेलरखां निवासी पंकज ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह कटिंग करवाने गया हुआ था। उसी दौरान गांव के ही कमल व उसके दो दोस्तों ने साथ चलने के लिए कहा था।

### जबरन गर्भपात करवाने के आरोप में मामला दर्ज

**कैथल।** सिविल लाइन कैथल पुलिस ने एक विवाहिता का जबरन गर्भपात करवाने के आरोप में उसके पति सहित तीन व्यक्तियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। इस संबंध में एक गांव की महिला ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया है कि उसकी शादी कैथल के मनोज कुमार के साथ रिती रिवाज अनुसार हुई थी।

### बाइक सवारों ने महिला से सोने का ओम छीना

**जींद।** गांव कर्मगढ़ में बच्चों को घुमाने ले जा रही महिला से बाइक सवार दो युवकों ने सोने का ओम छीन लिया। सदर थाना नरवाना पुलिस ने महिला की शिकायत पर अज्ञात बाइक सवारों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। गांव कर्मगढ़ निवासी दर्शना ने पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई है।

### घर से चोरी के मामले में बेल जंपर गिरफ्तार

**कैथल।** पीओ स्टाफ इंचार्ज एसआई ओमप्रकाश की अगुवाई में एसआई सतीश द्वारा वर्ष 2023 दौरान के घर में घुसकर चोरी के मामले में उद्घोषित अपराधी चीका निवासी शशि कुमार को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया व कि आरोपी पर एक घर में घुसकर एक सिलेंडर व बैटरी चोरी करने का आरोप हैं।

## पुलिस कार्रवाई को बताया एकतरफा, महिलाओं समेत सैकड़ों लोगों ने दिया धरना

# चीका थाना में धरनाः नगर पालिका उपाध्यक्ष और पति के खिलाफ कार्रवाई पर भड़के लोग

### डीएसपी ने लोगों को पुख्ता जांच और निष्पक्ष कार्रवाई का आश्वासन दिया

**पांच सदस्यीय कमेटी बनाकर सभी दस्तावेज एवं वीडियो प्रमाण दफ्तर में पेश करें**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुहला चीका

नगर पालिका उपाध्यक्ष पूजा शर्मा, उनके पति राजीव शर्मा और अन्य के खिलाफ दर्ज मुकदमे को लेकर सोमवार को सैकड़ों लोग चीका थाना पहुंचे और स्थानीय पुलिस की कार्रवाई को पक्षपातपूर्ण बताते हुए विरोध दर्ज कराया। धरने में 50 से अधिक महिलाएं भी शामिल थीं। एसएचओ की गैरहाजिरी में फूटा आक्रोश, नारेबाजी के बीच धरना लोग एसएचओ से मिलकर पक्ष रखने पहुंचे थे, पर एसएचओ की छुट्टी के कारण गुस्साए लोग थाना परिसर में ही धरने पर बैठ गए। भीड़ ने पुलिस को भ्रष्ट बताते हुए जोरदार नारेबाजी की। सूचना पाकर डीएसपी गुहला कुलदीप सिंह बेनीवाल मौके पर पहुंचे और लोगों को पुख्ता जांच और निष्पक्ष कार्रवाई का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि पांच सदस्यीय कमेटी बनाकर सभी दस्तावेज एवं वीडियो प्रमाण गुरुवार को ऊरढ दफ्तर में पेश करें। यदि सबूत पुख्ता हुए तो न केवल झूठा मामला रद्द किया जाएगा बल्कि धारा 182 के तहत झूठी शिकायत देने वालों पर कार्रवाई की जाएगी। **क्या है पूरा मामलाः** वार्ड नंबर 7 में पार्षद पति और सफाई ठेकेदार के बीच विवाद घटना 7 जून की है जब पार्क की सफाई को लेकर ठेकेदार मनोज कुमार और पार्षद पति विजय गोयल के बीच विवाद हुआ। दोनों पक्षों ने अलग-अलग शिकायतें थाना में दर्ज करवाईं। **विजय गोयल का आरोपः तेजधार हथियार से हमला, चैन छीनीः** विजय गोयल ने शिकायत में आरोप लगाया कि सफाई ठेकेदार मनोज कुमार और कुछ अन्य ने तेजधार हथियारों से हमला किया और उनकी सोने की चैन छीन ली। उन्होंने यह भी कहा कि यह सब कुछ नगर पालिका उपाध्यक्ष पूजा शर्मा और उनके पति की साजिश थी क्योंकि उन्होंने इनके खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव दिया था। **मनोज की शिकायत को बताया गया झूठाः** उधर मनोज कुमार ने जातिसूचक गाली गलौज और अपमान का आरोप लगाया था। लेकिन पुलिस ने मनोज की शिकायत को प्रारंभिक जांच में झूठा करार देते दफ्तर दाखिल कर दिया।





**गुहला चीका।** चीका थाना के सामने धरना पर बैठे शहरवासी व डीएसपी के साथ बातचीत करते हुए। फोटो :हरिभूमि

#### दोषी साबित हुआ तो इस्तीफा दूंगाः राजीव

पूजा शर्मा के पति राजीव शर्मा ने खुद को बेगुनाह बताते हुए कहा कि यदि उनकी एक प्रतिशत भी भागीदारी साबित हो जाए तो वे जूते खाने और पत्नी का इस्तीफा देने को तैयार हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि पूर्व विधायक कुलवंत बाजीगर और कांग्रेस नेता उन पर खेमा बदलने का दबाव बना रहे हैं। इसी कारण झूठा मुकदमा दर्ज करवाया गया।

#### मनोज कुमार ने पुलिस जांच पर उठाए सवाल

सीसीटीवी फुटेज का किया दावा, हथियारों की मौजूदगी से इनकार मनोज कुमार ने डीएसपी कुलदीप बेनवाल के समक्ष कहा कि पुलिस ने न तो कोई सीसीटीवी देखा और न किसी से पूछताछ की। उन्होंने बताया कि उनके पास फुटेज है जिसमें कोई तेजधार हथियार या गंभीर हमला नहीं दिखता और विजय गोयल बाद में सही सलामत बातचीत करते नजर आते हैं।

#### एससी एक्ट के तहत केस दर्ज करने की मांग

भाजपा एससी मोर्चा जिला अध्यक्ष सलिंद्र वाल्मीकि ने एसएचओ पर आरोप लगाते कहा कि एक्ट के तहत जांच के लिए अधिकृत नहीं है और उन्हें शिकायत मिलते ही पहले एफआईआर दर्ज करनी थी। उन्होंने चेताया कि यदि न्याय नहीं मिला तो शिकायत सरकार तक ले जाई जाएगी।

#### हमारी शिकायत पर भी दर्ज हो एफआईआर

किसान नेता हरदीप सिंह बदसूई ने डीएसपी से मांग की कि यदि विजय गोयल की शिकायत पर एफआइआर हो सकती है तो हमारी एससी एक्ट की शिकायत पर भी एफआइआर हो। यदि जांच में गलत साबित हो तो हमारा भी पर्चा रद्द कर दें। हमारे ऊपर भी बेशक 182 का मामला दर्ज कर देना।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से गाड़ी क्लीनर की मौत

**जींद।** गांव अशरफगढ़ के निकट टायर जांच रहे गाड़ी क्लीनर की अज्ञात तेज रफ्तार वाहन की टक्कर से मौत हो गई। सदर थाना पुलिस ने मृतक के भाई की शिकायत पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ केस दर्ज किया है। गांव अशरफगढ़ निवासी विनय ट्रक पर क्लीनर का कार्य करता था। बीती देर शाम को वह गांव से चालक के साथ गाड़ी लेकर शहर की तरफ आ रहा था। गांव के निकट गोहाना रोड पर गाड़ी में आवाज आने पर विनय उन्हें नीचे उतर कर जांचने लगा। उसी दौरान अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी और फरार हो गया। गंभीर हालात में विनय को नागरिक अस्पताल लाया गया। चिकित्सकों ने रोहतक रेफर कर दिया। परिजन उसे गुरूग्राम के अस्पताल ले गए। जहां पर विनय की बुधवार को मौत हो गई।

### गुगल पे से रुपये ट्रांसफर करने का आरोपित दबोचा

**कैथल।** मोबाइल चोरी कर रुपये ट्रांसफर करने के मामले की जांच थाना साइबर क्राइम एसएचओ पीएसआई शुभ्रांशु की अगुवाई में एएसआई नरेश कुमार की टीम द्वारा आरोपी गांव मानस निवासी गुरदीप सिंह को नियमानुसार गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि शुगर मिल कालोनी कैथल निवासी मुलख राज की शिकायत अनुसार वह रिक्शा चलाता है। 17 मार्च को वह सेक्टर 21 ग्रीन बेल्ट में पेड़ की छांव में आराम कर रहा था। इसी दौरान अचानक उसे नींद आ गई। जैसे ही आंख खुली उसका फोन गायब मिला। उसने फोन की पुलिस पोर्टल पर गुमशुदा की रिपोर्ट दर्ज करवाई तथा 17 मार्च को ही सायं के समय डुप्लीकेट सिम निकलवा लिया। उसने बताया कि 19 मार्च को जैसे ही उसने नया फोन खरीदते हुए अपने सिम को शुरू किया।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से महिला की मौत

### महिला के पति की चार महीने पहले हो चुकी मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

गांव बिघाना से दुडाना रोड पर अज्ञात तेज रफ्तार वाहन की टक्कर से पशुओं के लिए चारा लेकर आ रही महिला की मौत हो गई। अलेवा थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव बिघाना निवासी रवि की पत्नी आरती (30) बुधवार को पशुओं के लिए अपने दुडाना रोड स्थित खेत से चारा लेकर लोट रही थी। उसी दौरान तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी। जिसमें आरती गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना को अंजाम देकर चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया। गंभीर हालात में आरती को सीएचसी अलेवा लाया गया। जहां पर चिकित्सकों ने आरती को मृत घोषित कर दिया। घटना का सूचना पाकर अलेवा थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई और हालातों का जायजा लिया। मृतका के देवर दीपक ने पुलिस को बताया की उसके भाई बड़े भाई तथा आरती के पति रवि की लगभग चार माह पहले मौत हो गई थी। दोनों से एक छह साल का लड़का है। बुधवार को उसकी भाभी खेत से पशुओ के लिए चारा लेकर लौट रही थी। उसी दौरान अज्ञात वाहन की टक्कर से उसकी भाभी आरती की मौत हो गई। अलेवा थाना के जांच अधिकारी सुरेंद्र ने बताया कि मृतका के देवर की शिकायत पर अज्ञात फरार चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।



## प्रोडक्शन वारंट पर लिए हवाई फायर करने के आरोपित

- पुलिस ने एक दिन के रिमांड पर लेकर दोनों को भेजा जिला जेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

धर्मकांटे पर हवाई फायर करने और जान से मारने की धमकी देने के मामले में दो आरोपितों को पुलिस ने हिसार जेल से प्रोडक्शन वारंट पर लिया है। आरोपितों की पहचान हिसार जिला के गांव राजथल निवासी अमन और पेटवाड़ निवासी पंकज के रूप में हुई है। पुलिस ने दोनों आरोपितों को अदालत में पेश कर एक दिन के रिमांड पर लिया और उसे अदालत में पेश कर वापस जेल भेज दिया। गांव राजपुरा भैण निवासी समुद्र सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसने हांसी रोड पर अपनी खेती की जमीन में श्रीराम धर्म कांटा के नाम से कांटा लगा रखा है। 18 मई को उसके मोबाइल नंबर पर फोन आया जो सामने वाले ने अपना नाम रिषी बतलाया। फिर उसने उसे जान से मारने धमकी दी। उसके बाद रात करीब नौ बजे राजपुरा निवासी रिषी, राजपुरा भैण निवासी शक्ति अपने दो साथियों के साथ गाड़ी में सवार होकर उसके धर्मकांटे पर आया। उन्होंने वहां मौजूद नारनौंद निवासी संदीप से उसके बारे में पूछताछ की। जब वह धर्मकांटा पर नही मिला तो कैमरे के सामने खड़े होकर गालियां दी और फिर हवाई फायर किया। इसके बाद रिषी ने अपने साथियों के साथ उसे कैमरे के सामने जान से मारने की धमकी देकर कार में बैठ कर भाग गए। इस मामले में सदर थान पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ हवाई फायर करने व जान से मारने की धमकी देने के आरोप में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी थी।



#### आरोपितों को जेल भेजा

टेनरी मोड़ पुलिस चौकी जांच अधिकारी राजेंद्र ने बताया कि पुलिस को इस मामले की जांच की तो पता चला कि हिसार जिला के गांव राजथल निवासी अमन और पेटवाड़ निवासी पंकज जिला हिसार जेल में बंद है। इसके बाद पुलिस ने दोनों आरोपियों को प्रोडक्शन वारंट पर लिया और अदालत में पेश किया। दोनों को अदालत में पेश कर एक दिन के रिमांड पर लिया। बुधवार को पुलिस ने दोनों आरोपियों को जिला जेल भेज दिया।



**राजौंद।** गांव बीर बांगड़ा मार्ग पर सड़क पर भरा पानी।

#### दूषित पानी की निकासी न होने से लोग परेशान

**राजौंद।** राजौंद के बीर बांगड़ा मार्ग पर खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय के पास नाले में पानी निकासी न होने के कारण सड़क पर पानी भर रहा है। जिससे लोगों की आवा जावी पूरी तरह प्रभावित हो रही है। आलम यह है कि जो नाला बनाया गया है उसमें पानी की निकासी ही नहीं हो रही। क्योंकि नालों की कभी सफाई ही नहीं की गई और न ही नालों में पानी की निकासी दी गई है।जिससे घरों से आने वाला पानी सड़क पर भर जाता है और सड़क से आने जाने वाले राहगीरों को परेशान होना पड़ रहा है। इस बारे वार्ड नंबर 6 के निवासी सुंदर, अशोक,राजकुमार,धर्मपाल, जयपाल ने बताया कि पानी की निकासी नाले में बिल्कुल नहीं है। जो नाला बनाया गया है उसकी कहीं निकासी ही नहीं बनाई गई। जिससे पानी नाले से आवरफ्लो होकर सड़क पर भर जाता है और फिर सड़क से लोगों को गुजरना भी मुश्किल हो रहा है। सैकड़ो लोग प्रतिदिन यहां से गांव बीर बांगड़ व कई लोग अपने खेतों व राजौंद थाना में लोग संबंधित कार्यों से जाते हैं। लेकिन सड़क पर पानी खड़ा होने से वहां लोगों को परेशानी उठानी पड़ती है। इन लोगों ने कहा कि बार.बार प्रशासन को अवगत करवा चुके हैं उसके बावजूद भी समस्या का कोई समाधान नहीं निकल रहा है।

## पिज्जा हट में आग से साजोसामान राख

- फायर बिग्रेड ने पाया आग पर काबू, इमारत के टूटे शीशे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

सफीदों गेट पर बीती रात संदिग्ध हालात के चलते तीन मंजिला निजी काम्पलैक्स के ग्राउंड तल में आग भड़क उठी। जिसमे चल रहा पिज्जा हट का साजोसामान जल कर राख हो गया। जबकि इमारत के शीशे भी टूट गए और उसमे चल रही दुकानों को भी नुकसान हुआ है। आशंका जताई जा रही है कि आग शॉर्ट सर्किट से लगी है। फायर बिग्रेड की गाडिय़ों ने मौके पर पहुंच आग पर काबू पाया। सफीदों गेट पर बने तीन मंजिल काम्पलैक्स के ग्राउंड तल पर बने पिज्जा हट में बीती देर रात को अचानक आग भड़क उठी। जिसने कुछ ही क्षण में विकराल रूप धारण कर लिया। जिसने तीन मंजिला इमारत को अपनी चपेट में ले लिया। इमारत पर लगे शीशे टूट गए। राहगीरों ने काम्पलैक्स के ग्राउड फ्लोर से निकल रही आग की लपटों की सूचना पुलिस तथा फायर बिग्रेड को दी। जिसने मौके पर पहुंच कर कड़ी मशक्त के बाद आग पर काबू पाया लेकिन तब तक पिज्जा हट की फिटिंग उसमें रखे फ्रिज, फर्नीचर, लगे एसी, व अन्य सामान जलकर राख हो चुका था। आग से तीनों मंजिलों में बनी दुकानों को भी नुकसान हुआ है। पिज्जा हट के संचालक गांव रामराये निवासी नरेश ने बताया कि उसने पिज्जा हट को खोला हुआ था। रात को ठीक-ठाक बंद किया था। देर रात को अचानक आग भड़क उठी। जिससे उसका पूरा सामान जल गया।



## खुद के पास असलहा से लगी थी शराब ठेकेदार को गोली

- पुलिस ने एक को नामजद कर पांच अन्य पर दर्ज किया मामला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

बीबीपुर में शराब ठेकेदार को गोलियां खुद के पास मौजूद असलहा से लगी थी। असलहा उसके दोस्त का था। सदर थाना पुलिस ने घायल ठेकेदार की शिकायत पर एक युवक को नामजद कर पांच अन्य के खिलाफ शस्त्र अधिनियम, जानेलेवा हमला करने समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। गांव घिमाणा निवासी सुरेंद्र ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसने गांव झांज कलां व खुर्द समेत चार गांव के शराब ठेके पार्टनरशीप मे लिए हुए हैं। जिसमें गांव झांज कलां निवासी नरेंद्र, गांव बीबीपुर निवासी सुमेश तथा गांव बिश्रपुरा निवासी अनिल शामिल है। लगभग एक साल पहले उसकी शराब ठेकों को लेकर गांव बीबीपुर निवासी साहिल से कहासुनी हो गई थी। जिसके बाद से साहिल उससे रंजिश रखे हुए है। नौ जून रात को वह अपने साथी सुमेश को छोडऩे गांव बीबीपुर गया हुआ था। उसी दौरान पीछा करता हुआ साहिल अपने साथियों के साथ वहां पर आ गया और फायरिंग शुरू कर दी । बचाव में फायर करने के लिए उसने सुमेश के पास मौजूद असलहा को ले लिया था।

### फसल के लिए लगाई प्योद 40 से 45 प्रतिशत खराब

# धान की पनीरी पर गर्मी का असर, टेंशन बढ़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

तापमान लगातार 42 डिग्री बना हुआ है। ऐसे में आमजन के साथ-साथ किसानों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस समय धान उत्पादक किसानों ने खेत में पनीरी लगाई हुई है। तेज धूप व तापमान अधिक रहने के चलते पनीरी जलने लगी है जो किसानों की मेहनत पर पानी फेर रही है। ऐसे मे कृषि विशेषज्ञों की किसानों को सलाह है कि वह समय-समय पर धान के लिए तैयार की जा रही पनीरी में थोड़ा-थोड़ा करके पानी लगाएं। जिससे दोपहर के समय में पानी गर्म होने से प्योद खराब ना हो। फसल में ज्यादा समय तक पानी भरा ना रखें। गर्मी के कारण फसल पीली पडऩे व खराब होने की स्थिति में तुरंत खेती विभाग डॉक्टर से सलाह लें। किसान सुबह के समय प्योद में अपनी लगाकर दोपहर के समय में पानी निकाल दें व शाम के समय प्योद में पानी भरें ताकि दिन में गर्म हुई जमीन ठंडी हो सके। अगर हो सके तो किसान दिन में स्प्रे पंप की सहायता से पानी का छिड़काव करें। तीसरे दिन लगातार अधिकतम तापमान 42 डिग्री तथा न्यूनतम तापमान 27 डिग्री रहा। हवा की गति 11 किलोमीटर व मौसम में आद्रता 27 प्रतिशत बनी रही। लगातार पड़ रही तेज गर्मी में घरों से बाहर निकलने वाले लोगों के लिए डॉक्टरों द्वारा पूरे शरीर जैसे पूरे बाजू की शर्ट, सर पर कपड़ा ढकने के के निर्देश दिए हैं। किसान रोहताश ने बताया कि तेज गर्मी के कारण धान की पनीरी खराब हो रही है। यह बढ़ते तापमान के कारण हो रहा है। बीज के जिस हिस्से से पौधा निकलना शुरू होता है बीज वहीं से खराब हो रहा है। जिस कारण से फसल के लिए लगाई प्योद 40 से 45 प्रतिशत खराब हो रही है।



#### 14 से 16 के बीच बदलेगा मौसम

पांडू पिंडारा कृषि विज्ञान केंद्र के मौसम वैज्ञानिक डा. राजेश ने बताया कि आगामी 14 से 16 जून के बीच मौसम में बदलाव आएगा। इस दौरान तेज गति से हवा व कहीं-कही हलकी बूंदाबांदी हो सकती है।



**उचाना।** सफाई करते हुए ग्रामीण। फोटो :हरिभूमि

### गांव के लोगों ने की जलघर में बने टैंक की सफाई

**उचाना।** सेढ़ा माजरा गांव में स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए ग्रामीणों ने एक अनूठी पहल शुरू की है। गांव के वाटर सप्लाई घर में स्थित डिग्गी की सफाई के लिए हर दो-तीन साल में गांव के सभी घरों से एक.एक व्यक्ति स्वेच्छा से भाग लेता है। सफाई अभियान की शुरुआत से पहले गांव के प्रमुख लोगों की बैठक होती है। इसमें सफाई की योजना और समय तय किया जाता है। ग्रामीण बिट्टू, मंदीप, सुदीप, सुखबीर, रमेश, कर्मजीत और जगबीर ने बताया कि यह परंपरा पिछले कई वर्षों से चली आ रही है। इस सामूहिक प्रयास से न केवल समय की बचत होती है बल्कि लोगों को नियमित रूप से स्वच्छ पानी भी मिलता है। सरपंच प्रतिनिधि अनूप के अनुसारए ग्रामीणों की इस सहभागिता से पंचायती कार्य तेजी से पूरे होते हैं। यह पहल गांव में भाईचारे को बढ़ावा देने के साथ-साथ सामूहिक कार्य की संस्कृति को भी मजबूत करती है। सेढ़ा माजरा के निवासी ऐसे सामुदायिक कार्यों में उत्साह से भाग लेते हैं।

## खबर संक्षेप

### छठी कक्षा में प्रवेश के लिए आवेदन आमंत्रित

**जींद।** पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय खुंगा कोठी में सत्र 2026-27 में कक्षा छठी में प्रवेश हेतु चयन परीक्षा के लिए ऑनलाइन पत्र भरे जा रहे है। आवेदन पत्र भरने की अंतिम तिथि 29 जुलाई है। अभ्यार्थी नवोदय विद्यालय की वेबसाईट पर सीधे जाकर ऑनलाइन फार्म भर सकते हैं। आवेदन करने वाले विद्यार्थियों की परीक्षा 13 दिसंबर 2025 को करवाई जाएगी।

### पीएचसी का ताला तोड़कर सामान चोरी

**जींद।** गांव अमरगढ़ में बीती रात चोरों ने पीएचसी का ताला तोड़ कर एसी व अन्य सामान को चोरी कर लिया। सदर थाना नरवाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव अमरगढ़ पीएचसी के प्रभारी डा. अनामिका ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बीती रात चोरो ने पीएचसी का ताला तोड़ कर प्रिंटर, एसी व अन्य सामान को चोरी कर लिया।

### युवती से अश्लील हरकत करने पर दो नामजद

**जींद।** भगत सिह कालोनी में अश्लील हरकत करने का विरोध करने पर युवती से गाली गलौज तथा धमकी देने पर शहर थाना पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। भगत सिंह कालोनी निवासी एक युवती ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि कालोनी के ही सोहनपाल ने उसके साथ अश्लील हरकत की।

### इनेलो महिला शाखा की जिलास्तरीय बैठक 15 को

**जींद।** इनेलो महिला शाखा की जिलास्तरीय बैठक 15 जून को सुबह 10 बजे सफीदों रोड नजदीक पार्टी कार्यालय पंजाबी धर्मशाला में आयोजित की जाएगी। जिसमें मुख्य वक्ता के तौर पर महिला प्रदेश प्रभारी सुनैना चौटाला होंगी ओर विशेष वक्ता के तौर पर महिला प्रदेषाध्यक्ष तनूजा होंगी। बैठक की अध्यक्षता महिला जिलाध्यक्ष सरोज कुंडू करेंगी। जिलाध्यक्ष विजेंद्र रेढू ने बताया कि हरियाणा प्रदेश में इनेलो पार्टी का महिला संगठन बड़ा मजबूत है।

### संकल्प से सिद्धि और एक राष्ट्र-एक चुनाव कार्यक्रम आज

**जींद।** डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने बताया कि हरियाणा के डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा गुरूवार को संकल्प से सिद्धि और एक राष्ट्र एक चुनाव कार्यक्रम के तहत जींद हल्के के विभिन्न गांव दौरा कर आमजन को संबोधित करेंगे। उन्होंने बताया कि हरियाणा के डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा 9 बजे ढांडाखेड़ी, 9:40 पर जाजवान, 10:30 पर गांव ईंटल खुर्द, 11:15 पर जलालपुर कलां, 12 बजे जलालपुर खुर्द में ग्रामीणों को संबोधित करेंगे।

### न्याय मित्रों को दी गई जानकारी

**जींद।** सीजेएम मोनिका की अध्यक्षता में साथी, बाल विवाह उन्मूलन अभियान एवं ड्रग्स उन्मूलन अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन एडीआर सेंटर के सभागार में किया गया। कार्यक्रम में आधार के सर्वेक्षण, रैंकिंग एवं समग्र समावेशन तक पहुंच विषय पर विशेष चर्चा की गई।

### सृष्टि नटराज उत्सव 29 जून को होगा

**जींद।** समाजसेवी संस्था सृष्टि फाउंडेशन 29 जून रविवार को सात साल बाद डांस कम्पीटीशन को एक नए रूप सृष्टि नटराज उत्सव के नाम से प्रस्तुत करने जा रही है। सृष्टि फाउंडेशन के प्रवक्ता बलविंदर सिंह के अनुसार यह रंगारंग कार्यक्रम शहर के मोती लाल नेहरू स्कूल के आडिटोरियम में होगा। जिसमें विभिन्न आयु वर्ग के लड़के व लड़कियां नृत्य के रूप में अपनी कला का प्रदर्शन करेंगे।

### मॉडल मास्टर्स अवार्ड के लिए आवेदन आमंत्रित

**जींद।** शिक्षा से लेकर कारोबार तक हर क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले पांच राज्यों की 101 हस्तियों को सामाजिक संस्था राह ग्रुप फाउंडेशन दारा ग्लोबल रोल मॉडल मास्टर्स अवार्ड 2025 प्रदान किया जाएगा। पांच अक्टूबर इंटरनेशनल टीचर डे पर बैंकाक में आयोजित इस सम्मान समारोह में सम्मानित किया जाएगा।

---

### सैंकडों भक्तजनों ने भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया

# संत कबीर साहिब प्रकटोत्सव श्रद्धा के साथ मनाया, श्रद्धालुओं ने निकाली शोभायात्रा

### कबीर साहिब ने जीवन में अध्यात्म को अपनाने पर जोर दिया थाः सदानंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जिलाभर में बुधवार को संत कबीर साहिब प्रकटोत्सव श्रद्धा से मनाया गया। गांव निर्जन डेरे में कबीर साहिब के प्रकट दिवस के अवसर पर सत्संग व विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें सैंकड़ों लोगों ने भंडारा ग्रहण किया। इससे पहल में शहर में शोभा यात्रा निकाली गई। यहां स्वामी राघवानंद ने कबीर साहिब के जीवन पर प्रकाश डाला व कहा कि कबीर साहिब केवल एक जाति के एक देश के गुरु नहीं थे, उनका ज्ञान पूरी मानव जाति के लिए था। उन्होंने पूरी मानव जाति को एक सूत्र में बांधने का कार्य किया तथा उनके आदर्शों व उनके द्वारा दी गई शिक्षा पर चल कर ही मानव जाति का कल्याण संभव है। स्वामी सदानंद ने कहा कि कबीर साहिब ने मनुष्य को अपने जीवन में अध्यात्म को अपनाने पर जोर दिया गया। संत शिरोमणि कबीरदास ने पूरी मानव जाति के उत्थान के लिए काम किया। संत कबीर ने अनेक प्रकार के आडंबर और अंधविश्वास से दूर रहने की प्रेरणा दी। संत कबीर का संदेश आज भी प्रासंगिक है। इस मौके पर स्वामी राघवानंद, स्वामी सदानंद, स्वामी सुखदेवानंद, स्वामी गंगादास, स्वामी श्यामानंद, कृष्णा खत्री, अनिल बामल सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे। संतमत धारा सेवा समिति जींद के प्रांगण में कबीर साहिब के प्रकट दिवस के अवसर पर सत्संग का आयोजन पर मीठे पानी की छबील व विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। संतमत धारा सेवा समिति के प्रधान सेवादार सूर्यदास द्वाराकबीर साहिब के जीवन पर प्रकाश डाला गया व बताया कि कबीर साहिब केवल एक जाति, एक देश के गुरु नही थे। उनका ज्ञान पूरी मानव जाति के लिए था। सूर्यदास द्वारा बताया गया कि इस संसार कुछ भी स्था यी नही है। सब नाशवान है। केवल आत्मा अविनाशी है। आत्मा को जाने बिना मनुष्य का कल्याण संभव नही है। इसलिए कबीर साहिब ने अध्यात्म को अपने जीवन में अपनाने पर जोर दिया गया। इस अवसर पर मुख्य कार्यकर्ता थांबूराम, रमेश चंद, सालिक राम, राम अवतार, नितिन, ललिता वर्मा, नीलम देवी, सीमा देवी व अन्य हाजिर रहे।



जींद। संत कबीर प्रकटोत्सव पर शहर में निकाली शोभा यात्रा। फोटो :हरिभूमि



उचाना। कार्यक्रम में भाग लेते विधायक देवेंद्र अत्री। फोटो :हरिभूमि



जींद। संत कबीर प्रकटोत्सव पर लगाई गई मीठे पानी की छबील।

#### एकता का संदेश देते हैं कबीर के विचार

**उचाना।** गांव काब्रच्छा और सुदकैन खुर्द में संत कबीर जयंती के अवसर पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भाजपा विधायक देवेन्द्र चतरभुज अत्री मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। विधायक अत्री ने कार्यक्रम में संत कबीर के जीवन और उनके संदेशों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि संत कबीर के विचारों से सामाजिक समरसता और एकता का संदेश मिलता है। उन्होंने उपस्थित लोगों से आग्रह किया कि वे संत कबीर के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाएं। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों ने भाग लिया। सभी उपस्थित लोगों ने संत कबीर के विचारों को जीवन में उतारने का संकल्प लिया। इस अवसर पर संत कबीर के जीवन से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की गई।

---



जींद। बैठक में भाग लेते कांग्रेस कार्यकर्ता। फोटो :हरिभूमि

# कांग्रेस पर्यवेक्षक पहुंचे जींद कार्यकर्ताओं से हुए रूबरू

- कांग्रेस संगठन खड़ा करने की कवायद, तीन दिन करेंगे मंथन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जिले में कांग्रेस संगठन खड़ा करने को लेकर कांग्रेस के पर्यवेक्षक पंजाब से अमित विज बुधवार को जींद पहुंचे और उन्होंने कांग्रेस के पूर्व एमएलए, सांसद तथा चुनाव लड़ चुके के साथ-साथ कांग्रेस कार्यकर्ताओ से बातचीत की। काबिलेगौर है कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा हरियाणा में संगठन सृजन कार्यक्रम के तहत जिला कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठके ले रहे हैं। इस मौके पर जिला प्रभारी आनंद सिंह दांगी भी मौजूद रहे। लोक निर्माण विश्राम गृह में आयोजित बैठक में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने अपनी भडास भी निकाली। कार्यकर्ताओं का कहना था बैठक की उनके पास कोई जानकारी नहीं थी। महिला कार्यकर्ताओं की संख्या बहुत कम रही। कार्यकर्ताओं ने हार के लिए कांग्रेस का संगठन न होने तथा गलत टिकट वितरण को जिम्मेदार ठहराया। डीएससी समाज से कांग्रेस नेता ने पर्यवेक्षकों को साफ किया कि उनके समाज की अनदेखी कांग्रेस को भारी पड़ी है। उन्होंने कहा कि राजनीतिक हालातों में 40 प्रतिशत वोट लेकर कोई भी व्यक्ति लोस और विस में पहुंच जाता है, जबकि एससी समाज की आबादी 22 प्रतिशत है। पर्यवेक्षकों ने कहा कि अगले तीन दिनों तक वह जींद में कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बीच रहेंगे। बैठक में कुछ कद्दावर नेता पहुंचे तो कुछ गैरहाजिर भी रहे। पर्यवेक्षकों से मिलने वालों में पिछडा प्रकोष्ठ के प्रदेशाध्यक्ष रमेश सैनी, पूर्व विधायक सुभाष गांगोली, परमेंद्र ढुल, धर्मेंद्र ढुल, रिषीपाल सरपंच, पवन गर्ग, दिनेश डौहला, सतपाल सत्तु, बलराम कटवाल, कमल चौहान, किरण सैनी समेत अन्य नेता मौजूद रहे। कांग्रेस पर्यवेक्षक अमित विज ने मीडिया से बात करने से मना करते हुए कहा कि वे तीन दिन यहा पर कार्यकर्ताओं से रूबरू होगे। उसके बाद कोई जानकारी दे पाएंगे।

---

# मीठे जल की छबील लगाकर नप अध्यक्षा ने कमाया पुण्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



जींद। छबील पर मीठा पानी पिलाते हुए नप अध्यक्षा डा. अनुराधा सैनी।

लाइफ लाइन बल्ड सेंटर राज हॉस्पिटल के सहयोग से नगर परिषद अध्यष डा. अनुराधा सैनी ने विश्वकर्मा चौंक रोहतक रोड पर ठंडे मीठे पानी की छबील लगाई गई। जिसमें लाइफ लाइन बल्ड सेंटर राज हॉस्पिटल के सदस्यों ने डा. अनुराधा सैनी के नेतृत्व में सड़क से गुजरने वाले वाहनों को रोक कर ठंडे व मीठा पानी राहगीरों को पिलाया। नगर परिषद जींद चेयरपर्सन डा. अनुराधा सैनी ने कहा कि भीषण गर्मी में प्यास से व्याकुल जीव को पानी पिलाना, उसे नया जीवन देने के समान है। एक दशक पूर्व ग्रामीण क्षेत्र में महिलाएं चौपालों व बैठकों में मिट्टी के नए घड़ों में पानी भरकर रखती थी ताकि उन्हें गर्मी में प्यासे को पानी पिलाने का कई गुणा फल प्राप्त हो सके। उन्होने कहा कि हमें समय-समय पर इस तरह के आयोजन करते रहने चाहिए। इस तरह के कार्य से पुण्य का फल भी मिलता है। इस मौके पर मुख्य रूप से डा. सरबजीत कौर, लाइफ लाइन बल्ड सेंटर राज हॉस्पिटल से अभिषेक मोर, गुरवचन बिड़ान, अमन ढांडा, प्रवीण अलारिया, मनदीप मेहरा के साथ आदि मौजूद रहे।

### दोस्त के मामा ने युवक का कान काट किया अलग, केस

**जींद।** दोस्त के मां के अंतिम संस्कार मे शामिल होने आए युवक के कान का एक व्यक्ति ने दांत से काट कर अलग कर दिया। शहर थाना पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर आरोपित के खिलाफ मामला दर्ज किया है। राजनगर पानीपत निवासी प्रशांत ने पुलिस को दी शिकायत मे बताया कि वह अपने दोस्त की मां के अंतिम संस्कार मे शामिल होने झांज गेट पर आया हुआ था। रात होने के कारण वह वापसी नही कर सका। सुबह जब वह रेलवे स्टेशन पर पहुंचा तो ट्रेन भी निकल गई। जिस पर वह अपने दोस्त के पास चला गया। गली में उसके दोस्त के मामा शुभम उसके साथ गाली गलौज करने लगा। जब उसने विरोध किया तो आरोपित शुभम ने दांतों से उसका कान काट कर अलग कर दिया।

# उपभोक्ता स्वयं मोबाइल एप्लीकेशन से फेशियल ई केवाईसी का कार्य करें पूरा : मोहम्मद इमरान

- आधार कार्ड में दर्ज मोबाइल नंबर पर ओटीपी भेजना होगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने बताया कि निदेशक खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग हरियाणा चंडीगढ़ के दिशा-निर्देशानुसार 30 जून 2025 तक जिला के सभी बीपीएल व एएवाई श्रेणी के कार्ड धारकों के प्रत्येक बीपीएल व एएवाई राशन कार्ड में दर्ज सभी सदस्यों का इ केवाईसी अपडेट वेरिफिकेशन का कार्य पूर्ण किया जाना है। ये कार्य कार्ड धारक द्वारा स्वयं मोबाइल एप्लीकेशन के माध्यम से फेशियल ई केवाईसी द्वारा किया जाना है। इस कार्य के लिए अब कार्ड धारक को राशन डिपो पर जाने की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने बताया कि बीपीएल व एएवाई राशन कार्ड धारक अपने मोबाइल के गूगल प्ले स्टोर से ई केवाईसी मोबाइल एप्लीकेशन डाउनलोड करें तथा ई केवाईसी पर क्लिक करे। सभी कार्ड धारक को इस एप में हरियाणा राज्य का चुनाव करके राशन कार्ड में दर्ज आधार नंबर दर्ज करना होगा। कार्ड धारक को ओटीपी प्राप्त करने के लिए अपने सदस्य के आधार कार्ड में दर्ज मोबाइल नंबर पर ओटीपी भेजना होगा। इसके उपरांत प्राप्त ओटीपी डालकर व कैपचा कोड फोलो करते हुए सबमिट बटन पर क्लिक करना होगा। जिससे कार्ड धारक की डिटेल स्क्रीन पर दिखाई देगी। इसके बाद कार्ड धारक को अपने चेहरे पर फोक्स करते हुए अपनी आंख को झपकना होगा तथा सफलतापूर्वक डाटा कैप्चर होने पर ई केवाईसी प्रक्रिया पूर्ण हो जाएगी और डाटा अग्रिम कार्यवाही हेतु भेज दिया जाएगा। डीसी ने बताया कि जिला के सभी बीपीएल व एएवाई कार्ड धारकों को ई केवाईसी मोबाइल एप्लीकेशन के माध्यम से अपना ई केवाईसी का कार्य 30 जून 2025 से तक पूर्ण करना होगा ताकि कार्ड धारको को वर्तमान व भविष्य में पीडीएस से संबंधित मिल रही सुविधाओं व योजनाओं का लाभ मिल सके।

---



जींद। नागरिक अस्पताल पार्क में योग करते अधिकारी व स्वास्थ्यकर्मी।

#### योग को अपनाने का आह्वान

**जींद।** जिला मुख्यालय स्थित नागरिक अस्पताल में स्वास्थ्य विभाग तथा आयुष विभाग के संयुक्त तत्वावधान में योग प्रोटोकाल शिविर का आयोजन किया गया। आगामी 21 जून को 11वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाएगा। इसे लेकर नागरिक अस्पताल में योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें डिप्टी सीएमओ डा. पालेराम कटारिया, डिप्टी सीएमओ डा. रमेश पांचाल सहित अन्य स्वास्थ्यकर्मियों ने भाग लिया। डिप्टी सीएमओ डा. पालेराम ने कहा कि योग प्रोटोकॉल के तहत योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। उन्होंने सभी से आह्वान किया कि योग को अपनी जिंदगी का अहम हिस्सा बनाएं। योग से कई तरह की बीमारियां दूर होती हैं। डिप्टी सीएमओ डा. रमेश पांचाल ने कहा कि योग हमारी प्राचीन परम्परा है। योग से हर कोई स्वस्थ रहता है।

# पांच दिवसीय एफएलएन कैंप प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

ग्रीष्मकालीन दिवस में शिक्षा विभाग की ओर से पांच दिवसीय एफ एलएन कैंप आयोजित किए जा रहे हैं। एफएलएन जिला कोऑर्डिनेटर राजेश वशिष्ठ ने खंड सफीदों में दो बैच और खंड जींद के चार बैच का निरीक्षण किया। सफीदों में सुबह आठ बजकर दस मिनट पर राजेश वशिष्ठ सफीदों में पहुंचे और देरी से आने वाले शिक्षकों को समय पर आने के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने शिक्षकों के बची बैठकर मास्टर ट्रेनर द्वारा दिए जा रहे पढ़ाने के तरीके को जाना। एफएलएन जिला कोऑर्डिनेटर राजेश वशिष्ठ ने बताया कि जींद में 320 और सफीदों में 80 शिक्षक एफएलएन के तहत ट्रेनिंग ले रहे हैं। वशिठ ने कहा कि इसमें सभी प्राथमिक शिक्षकों का भाग लेना अनिवार्य है। नई शिक्षा नीति 2020 के अनुसार सभी प्राथमिक शिक्षक अनिवार्य प्रशिक्षण लेंगे। प्राथमिक शिक्षकों को खेल-खेल में शिक्षा, टीएलएम का प्रयोग, प्रिंट रिच क्लास रूम, स्किल पासबुक भरने व बच्चों का लर्निंग लेवल समझने बारे मास्टर ट्रैनर द्वारा सभी प्राथमिक शिक्षकों को बच्चों को पढ़ाने के नए गुर सीखाए जा रहे हैं। इससे विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास हो और बच्चे बिना किसी डर के स्कूल की ओर अपना कदम बढ़ाए।



जींद। एफएलन शिविर में भाग लेते हुए। फोटो :हरिभूमि



जींद। कहसून गांव में किसानों के साथ विशेषज्ञ। फोटो :हरिभूमि

#### कपास व धान में कीट प्रबंधन जरूरी

**जींद।** विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत बुधवार को कृषि विज्ञान केंद्र पांडू पिंडारा व कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के वैज्ञानिक व अधिकारी गांव कहसून मे किसानों से रूबरू हुए। कृषि विज्ञान केंद्र पांडू पिंडारा के प्रभारी डा. रामकरण गौड ने बताया कि कपास व धान में कीट प्रबंधन बहुत ही जरूरी है। उन्होंने किसानों से आग्रह किया कि किसान अपने खेत में समय-समय पर कीटों का आंकलन करते रंहे ताकि उचित समय पर उनका प्रबंध किया जा सके। पशुपालन विभाग से आए डा. पुनीत सिंह ने पशुओं में आने वाली मुंहखुर, गलघोटू व बूसीलॉसेस बीमारी के प्रबंधन पर जोर दिया। डा. पवन भुक्कल ने किसानों से आग्रह किया कि वह अपनी मिट्टी व पानी को दूषित होने से बचाएं ताकि आने वाली पीढ़ी को हम स्वस्थ मिट्टी व पानी विरासत में दे सकें।

---

**कार्यक्रम** मोतीलाल स्कूल में फोटोग्राफी एवं वीडियोग्राफी कार्यशाला का आयोजन

### विद्यार्थियों की रचनात्मक प्रतिभा को मिला नया मंच

# अच्छी तस्वीर केवल एक क्लिक नहीं बल्कि भावनाओं विचारों व दृष्टिकोण का संयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

मोतीलाल नेहरू पब्लिक विद्यालय में चल रहे ग्रीष्मकालीन शिविर के नौवें दिन छात्रों के लिए फोटोग्राफी और वीडियोग्राफी पर रचनात्मक जानकारी पूर्ण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस विशेष कार्यशाला में बच्चों को मोबाइल एवं डिजिटल कैमरे के स्टीक उपयोग, प्रकाश व्यवस्था फ्रेमिंग, कोण निर्धारण, विषय चयन तथा स्टोरीटेलिंग जैसे फोटोग्राफी के मूलभूत तत्वों से अवगत कराया गया। कार्यशाला में विशेष रूप से आमंत्रित डिजिटल मीडिया विशेषज्ञ ने विद्यार्थियों को बताया कि एक अच्छी तस्वीर केवल एक क्लिक नही होती बल्कि वह भावनाओं विचारों और दृष्टिकोण का संयोजन होती है। उन्होंने बच्चों को यह भी बताया कि हर तस्वीर एक कहानी कहती है बशर्ते उसका दृष्टिकोण सही हो। कार्यशाला के दौरान बच्चों ने विद्यालय परिसर, गतिविधियों और अपने साथियों की अनेक रोचक तस्वीरें एवं वीडियो तैयार किए। उन्होंने कैमरे की सहायता से अपने रचनात्मक दृष्टिकोण को जीवंत किया और बताया कि एक बाल मन भी कल्पना और तकनीक के समुचित प्रयोग से अद्भुत दृश्य प्रस्तुत कर सकता है।

इस अवसर पर विद्यालय के अध्यक्ष संदीप दहिया और प्राचार्य रविंद्र कुमार ने बच्चों को संबोधित करते कहा कि इस कार्यशाला का उद्देश्य बच्चों को केवल कैमरा चलाना सिखाना नहीं बल्कि उन्हें ये समझाना है कि रचनात्मकता और तकनीक जब एक साथ चलती हैं तो उसमें अनंत संभावनाएं होती हैं। बच्चों की आंखों से देखी दुनिया जब कैमरे के माध्यम से सामने आती है तो उसमें सच्चाई, मासूमियत और कल्पना का अनोखा संगम देखने को मिलता है। स्कूल का ये प्रयास बाल प्रतिभाओं को एक समग्र मंच देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ है।



जींद। कार्यशाला में भाग लेते बच्चे। फोटो :हरिभूमि

# युवती का यौन शोषण करने पर चार नामजद

- आरोपित के परिजनों पर पीड़िता को धमकी देने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

युवती को गाड़ी में बैठा कर सुनसान जगह पर ले जा दुष्कर्म करने तथा आरोपित के परिजनों द्वारा धमकी देने तथा जातिसूचक गालियां देने पर महिला थाना पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ यौन शोषण समेत विभिन्न भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज किया है। शहर थाना इलाके की एक युवती ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि दस जून 2024 को शीतलपुरी कालोनी निवासी सुमित उसे अपने साथ गाड़ी में बैठा कर अपने साथ ले गया। आरोपित ने सुनसान जगह देख धमकी देकर उसके साथ दुष्कर्म किया। आरोपित ने उसकी अशील वीडियो तथा फोटो बना कर ब्लैकमेल करने के साथ उसका यौन शोषण शुरू कर दिया। जब भी वह विरोध करती तो आरोपित अशील वीडियो तथा फोटो सार्वजनिक करने की धमकी देता। उसके यौन शोषण का सिलसिला 24 मई तक जारी रहा। उसने आरोपित की हरकतों से परेशान होकर उसके परिजनों को बताया तो उसके पिता मा तथा भाई ने जातिसूचक गालियां देते हुए बुरा अंजाम भुगतने की धमकी दी।

## खबर संक्षेप



गांव खुरडा के मार्ग पर झुका हुआ पेड़ घटना की ओर इशारा करते हुएं।

### सड़क पर झूका हुआ पेड़ दे रहा हादसों को न्योता

**राजौंद।** गांव खुरडा से खेड़ी सर्फअली खेड़ी के पास सड़क पर झूका हुआ पेड़ बड़े हादसे का कारण बन रहा है। इस और संबंधित विभाग कोई ध्यान नहीं दे रहा। इससे कोई भी हादसा होने से इनकार नहीं किया जा सकता। जानकारी के अनुसार गांव खुरडा के पास मार्ग पर यह पेड़ पिछले लंबे समय से झुका हुआ है। जिससे कोई भी अनजान व्यक्ति इसकी चपेट में आकर एक बड़े हादसे का शिकार हो सकता है। अगर समय रहते इसे नहीं हटाया गया तो कोई भी बड़ा हादसा हो सकता है।

### कबूतरबाजी के मामले में तीन गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना साहा में दर्ज कबूतरबाजी के मामले में पुलिस ने आरोपी लवजीत सिंह उर्फ जीत, गुरजीत सिंह उर्फ बल्ली व आरोपी महिला को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी लवजीत सिंह तथा गुरजीत सिंह को चार दिन के रिमांड पर लिया है। पिलखनी के रामचंद्र ने 16 जनवरी 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 6 नवंबर 2024 को आरोपी लवजीत सिंह उर्फ जीत, गुरजीत सिंह उर्फ बल्ली, आरोपी महिला व अन्य ने उसे और उसके पुत्र को विदेश भेजने के मामले में उससे एक बड़ी रकम हड़पने की धोखाधड़ी की है।

### चोरी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** सीआईए-शहजादपुर ने थाना शहजादपुर में दर्ज चोरी के मामले में आरोपी आकेश उर्फ इ्डू को गिरफ्तार किया है। इस मामले में एक आरोपी को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। पीड़ति महिला ने 5 दिसंबर 2022 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि आरोपी ने रात के समय गांव पतरेहड़ी में आंगनवाड़ी का ताला तोड़कर तीन बोरी चीनी, 50 किलो गेंहू, 1 क्विंटल चावल, 1 सिलेंडर, 21 किलो घी, 3 बोरे आटा चोरी किया है।

### 23500 किसानों से सीधा संपर्क

**अंबाला।** 12 जून तक विकसित कृषि संकल्प अभियान चलाया जा रहा है। इसमें खंड साहा, बराड़ा, शहज़ादपुर, नारायणगढ़, अंबाला-1 एवं 2 के 165 गांव में पहुंच कर वैज्ञानिको एवं अधिकारियों ने चौपाल चर्चा, बैठक, किसान-वैज्ञानिक वार्तालाप, समस्या व समाधान इत्यादि के साथ साथ डोर टू डोर कैंपेन चलाई।

### आरोपी पीओ को किया गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना मुलाना के एक मामले में वांछित आरोपी हरभजन सिंह को काबू किया है। माननीय न्यायालय द्वारा वर्ष 2020 में आरोपी को पीओ घोषित किया गया था। 10 जून 2025 को इस मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर उसे गिरफ्तार किया।

प्रदर्शन के बाद कर्मचारियों की स्थानीय मांगो को लेकर डीएमसी महोदय से संगठन की विस्तार से बातचीत हुई

# नपा कर्मचारी संघ ने सरकार की वादाखिलाफी के विरोध में डीएमसी कार्यालय पर किया जोरदार प्रदर्शन

अधिकारी ने अतिशीघ्र सभी समस्याओं के समाधान करने का दिया आश्वाशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल




पालिका आयुक्त कार्यालय के सामने नारेबाजी करते कर्मचारी फोटो : हरिभूमि



पालिका आयुक्त को ज्ञापन सौपते कर्मचारी फोटो : हरिभूमि

नगर पालिका कर्मचारी संघ हरियाणा संबधित सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा की राज्य कमेटी के आह्वान पर हरियाणा सरकार की वादाखिलाफी के विरोध में व पालिका करचरियों की लंबित मांगों को लेकर डीएमसी कार्यालय पर जोरदार प्रदर्शन करते हुए ज्ञापन सौंपा। इसकी अध्यक्षता जिला प्रधान गौरव टांक ने व संचालन जिला सचिव विक्की टांक ने किया। उन्होंने बताया कि प्रदर्शन के बाद कर्मचारियों की स्थानीय मांगो को लेकर डीएमसी महोदय से संगठन की विस्तार से बातचीत हुई और अधिकारी ने अतिशीघ्र सभी समस्याओं के समाधान करने का आश्वाशन दिया। प्रदर्शन मे कर्मचारियो को सम्बोधित करते हुए नगर पालिका कर्मचारी संध के राज्य मुख्य संगठन कर्ता व एसकेएस के जिला प्रधान शिवचरण, सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के जिला सचिव मास्टर रामपाल शर्मा,संघ के राज्य उपप्रधान राजेन्द्र सिन्नद व चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी यूनियन के राज्य महासचिव कपिल सिरोही ने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार लगातार जन विरोधी आर्थिक उदारीकरण की नीतिया तेजी से लागू कर रही है। जिससे लगातार महंगाई व बेरोजगारी बढ रही है इनपे रोक लगाने की बजाय केंद्र व राज्य सरकार जाति व घर्म के नाम पर लोंगो का ध्यान बढने पर लगी हुई ह ओर अपने चहेते पूजिपतियो को लाभ पहुंचे पर लगी हुई ह ।इन मजदूर कर्मचारी विरोधी नितियो के खिलाफ 9 जुलाई को राष्ट्रव्यापी हड़ताल में भाग लेंगे। हड़ताल के माध्यम से मांग है पूंजीपतियो के हक मे श्रम कानूनो मे किये गये बदलाव वापिस लो,न्युनतम वेतन 26000 रुपए लागू करो, सभी कच्चे कर्मचारियो को पक्का करो, केंद्र व राज्य मे लाखों की संख्या मे खाली पड़े पदो पर स्थाई भर्ती करके युवाओ को रोजगार दो, पुरानी पेंशन बहाल करो,2006 से पहले वाली एक्सग्रेसिया पॉलिसी बहल करो, आठवा वेतन आयोग लागू करो, 7- वेतन आयोग की विसंगति दूर करो,राज्य मे अलग से वेतन अयोग का गठन करो और कच्चे कर्मचारियो को भी इसका लाभ दो, वेतन अयोग लागू होने तक सभी कर्मचारियो को प्रति महा पांच हजार रुपए आन्तरिम रहात दो, उन्होंने कहा कि राज्य सरकार लगातार नगर पालिकाओ, नगर परिषदो, नगर निगमो व फायर के कर्मचारियो के साथ वादा खिलाफी कर रही है ओर संघ के साथ 7 अगस्त 2024 व 22 अक्टूबर 2022 ओर 2018 मे मानी गई मांगो के परिपत्र जारी नही किये जिसके कारण हमे बार-बार धरना-प्रदर्शन करना पड रहा है, उन्होंने ने कहा कि समझोते मे मानी गई माँगो मे सफाई व सीवरमैन को नियमित भर्ती प्रक्रिया के तहत पक्का करना,पोर्टल पर लगने वाली हाजरी पर रोक लगाना,जींद मे महर्षि वाल्मिकी जयन्ती के अवसर पर माननीय मुख्यमन्त्री द्वारा की गई घोषणा के अनुसार शहरी व ग्रामीण सफाई कर्मचारियो को 27000 रुपए वेतन का लैटर जारी करना,फायर विभाग मे फयार आपरेटर की 2268 सैक्सन पदो पर 1340 पे रोल के कर्मचारियो को मर्ज करके समान काम - समान वेतन देना आदि मांगो के लिए आंदोलन जारी रहेगा।

#### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर महेन्द्र बिड़लान,शमशेर सिंह, सुल्तान सिंह,राजकुमार मंचल, जगदीश कुमार, संदीप राजौंद, पंकज गिल, अमित कुमार, मुकेश कुमार, वर्षा रानी, देश राज चोहान, दर्शन कुमार,रवि कल्याण, पंकज गिल, अमित कुमार, सनी कांगड़ा, सूरज सहोत्रा,सुनील कुमार, सुमेश राणा, काका प्रेमी ,विक्की वेद, विद्या देवी व पूजा कल्याण समेत काफी कर्मचारी कर्मचारी उपस्थित रहे।



नशे के खिलाफ जांच करते पुलिस कर्मचारी

## नशा तस्करी का पिछला 10 साल का रिकॉर्ड खंगाला

- कमांडो दस्ते व स्नाइपर डॉग्स की सहायता से की गई सघन जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

जिला पुलिस प्रशासन द्वारा नशे के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत एनडीपीएस के मामलो में नोडल अधिकारी डीएसपी कुलदीप बेनीवाल की अगुवाई में नशा तस्करी का पिछले 10 वर्षों का रिकॉर्ड खंगाल कर संदिग्ध नशा तस्करों की पहचान की गई है। जो इसके आधार पर पुलिस टीमों ने कमांडो दस्ते और स्नाइपर डॉग्स की सहायता से संदिग्ध नशा तस्करों के ठिकानों पर सघन तलाशी अभियान चलाया।

इस कार्रवाई में थाना चीका, गुहला, सीवन, शहर, सदर, पूंडरी व ढांड क्षेत्र में विभिन्न थाना क्षेत्रों के पुलिस अधिकारियों, नारकोटिक्स यूनिट और डॉग स्क्वॉड की संयुक्त टीमें शामिल रही। एसपी आस्था मोदी ने बताया कि ने बताया कि जिले को नशा मुक्त बनाने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह प्रतिबद्ध है। नशा तस्करों के विरुद्ध अभियान निरंतर जारी रहेगा और किसी भी नशा तस्कर को बख्शा नहीं जाएगा। नशा तस्कर समाज पर कलंक है, जो समाज को खराब करने का कार्य कर रहे है। नशा तस्करों की असली जगह सलाखों पीछे है। इस अभियान में मुख्य रूप से नशे का कारोबार करने वालों और आपराधिक कार्यों में शामिल आरोपी जो गैर कानूनी तरीके से रह रहे हों पर शिकंजा कसना है, जिला पुलिस का उद्देश्य कैथल जिला को नशा मुक्त बनाना है।

इसके साथ साथ पुलिस द्वारा सर्च ऑपरेशन के अलावा वहां मौजूद आमजन को समझाया गया कि किसी प्रकार के मादक पदार्थ बेचने वाले या अन्य किसी अपराधी के बारे में पुलिस को सूचित करें, सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा, इसके साथ साथ नशा ना करने बारे भी जागरूक किया गया। पुलिस का यह अभियान भविष्य में भी निरंतर जारी रहेगा और इससे या तो अपराधीक व्यक्ति अपराध करना छोड़ देगा या वह कैथल के क्षेत्र को छोड़ देगा।

## पांच दिन से लापता मजदूर का नहीं लगा कोई सुराग

- एसपी से मिलने मजदूर के परिजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल



एसपी से मिलने पहुंच मजदूर फोटो : हरिभूमि

10 जून को रिद्धि-सिद्धि ईंट भट्ठा दयोरा के मजदूरों ने अपनी समस्याओं को लेकर एसपी महोदय को लगाई गुहार। प्रेस को दी जानकारी में धर्म सिंह,जगमाल ,बृजेश ,मैनपाल, लोकेश, विपिन, सोनिया,अंजलि,नरेश आदि ने बताया 7 जून को अमलेश यह कह कर भट्ठा से आया था कि वह क्योडक अरमान पुत्र शेषा की दुकान पर मोबाइल का लॉक खुलवाने जा रहा हूं लेकिन उसके बाद वह वापस भट्ठा पर नहीं आया तो काफी इंतजार करने के बाद हम उसे ढूंढने क्योड़क के बजार आसपास में पता करने गए तो दुकानदारों ने बताया शेषा और उसके पुत्र अरमान व अन्य चार लोगों ने उसके साथ झगड़ा किया और वह दुकानदारों से पुलिस से फोन करने की अपील कर रहा था। लेकिन दुकानदारों ने कहा कि तुम पुलिस चौकी में जाकर अपनी शिकायत दर्ज कराओ। हमने काफी ढूंढने के बाद 8 तारीख को अपनी शिकायत दर्ज कराई, अरमान और उनके पिता शेषा पर कार्रवाई करने को कहा पुलिस ने जब शेषा से फोन पर कहा तो वह बाइक पुलिस चौकी में यह कहकर छोड़कर आया कि वह तो हमारे पास बाइक खड़ी करके चला गया था।

## शिव मंदिर आश्रम में वार्षिक उत्सव व भंडारा आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कलायत



कलायत के गांव बालू स्थित शिव मंदिर आश्रम में प्रसाद ग्रहण करते श्रद्धालु।

कलायत के गांव बालू की बिढाण पट्टी स्थित शिव मंदिर आश्रम में वार्षिक भंडारे का आयोजन हुआ। आश्रम के महंत राणा नाथ ने बताया कि हर वर्ष वार्षिक उत्सव व भंडारे का आयोजन किया जाता है। उत्सव में हवन और धार्मिक अनुष्ठानों का सिलसिला चलता है। भंडारे में बड़ी संख्या में साधू-संतों के अलावा बालू व आसपास के गांवों के लोगों को निमंत्रण दिया जाता है। महंत राणा नाथ ने कहा कि नाथ संप्रदाय की रीति अनुसार सभी धार्मिक अनुष्ठान संपादित किए जाते हैं। भंडारे के आरंभ करने से पहले हवन में पूणार्हूति डाली गई। उसके बाद कन्या भोजन करवा कर महंत-संतों को भंडारे में भोजन करवाया गया। बाद गृहस्थों ने भंडारे के प्रसाद को ग्रहण किया। भंडारे में गांव की महिलाओं के अलावा पुरुषों ने कारसेवा के माध्यम से अपनी भूमिका निभाई।



कलायत नगर पालिका द्वार पर ठंडे पानी की छबिल लगाते कर्मी फोटो : हरिभूमि

### मुख्य द्वार पर ठंडे पानी की छबिल लगाई

**कलायत।** कलायत नगर पालिका द्वारा भीषण गर्मी के बीच लोगों को जन सेवा के प्रति प्रेरेरित किया जा रहा है। इसके तहत समय-समय पर कार्यालय परिसर और मुख्य द्वार पर ठंडे पानी की छबिल लगाई जा रही है। साथ ही तरबूज, खरबूज, नींबू पानी व लू से बचाने वाला खानपान परोसा जा रहा है। सरकारी ड्यूटि के समाज सेवा में लगे नपा सुपरवाइजर सोमप्रकाश शर्मा और स्वच्छ भारत अभियान संयोजक सुरेश चहल ने बताया कि प्रशासन निरंतर हर नागरिक के स्वास्थ्य को लेकर सजगता का परिचय देता आया है। गर्मी के मौसम को देखते हुए भी स्वास्थ्य विभाग के परामर्श अनुसार हर किसी को स्वस्थ जीवन का मूल मंत्र दिया जा रहा है। इस प्रकार के प्रयास नागरिकों को बीमारी की चपेट में आने से बचाने का काम करते हैं। इसलिए घर, परिवार व समाज में ऐसे कार्यों को क्रियान्वित रखना जरूरी है जिससे बीमारियों का जाल न फैल पाए। इस सोच को लेकर शासन-प्रशासन गंभीर है।

## संकट मोचन हनुमान भण्डारा समिति ने लगाया भंडारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल



भंडारे में प्रसाद लेते श्रद्धालु फोटो : हरिभूमि

माल गोदाम रोड, हनुमान मार्किट, संकट मोचन हनुमान जी की प्रतिमा के पास आठवां भण्डारा मीठी खीर का भण्डारे का आयोजन किया गया। भण्डारे का शुभारंभ सोमदत्त कौषिक प्रधान अखिल भारतीय हिन्दू महांसध कैथल ने भगवान हनुमान सभी देवी देवताओं, जल देवता पर प्रसाद चढाकर भण्डारा का शुभारंभ किया। लगभग एक हजार भक्तो ने प्रसाद को ग्रहण किया। यह भंडारा हनुमान मार्किट के दुकानदारों के सहयोग से लगाया जाता है। स्मरण रहे कि संकट मोचन हनुमान भण्डारा समिति प्रति मास प्रत्येक पूर्णमासी को इस भण्डारे का आयोजन करती है। नौवां भंडारा 10 जुलाई को लगाया जायेगा। इस मौके पर अखिल भारतीय हिन्दू महासंघ के अध्यक्ष श्री सतपाल गुप्ता ने बताया कि यह हमारे लिए परम सौभाग्य की बात है कि हम यह आयोजन कर रहे है इस आयोजन से धार्मिक भावनाओं को प्रगति मिलती है अपितू आपस में भाई चारे की भावना भी बढती है। इस भण्डारे में किसी प्रकार की बिना किसी जात पात, ऊँच नीच सभी प्रसाद ग्रहण करते है। यहां पर आने से न केवल लोगों को प्रसाद मिलता है अपितु भगवान संकट मोचन हनुमान जी का आषीर्वाद भी मिलता है यहां पर जो भक्त अपनी मुराद लेकर आते हे उनकी मुराद पूरी होती हे।



पूंडरी : मेडीकल वैन के साथ टीम सदस्य। फोटो : हरिभूमि

### मोबाइल वैन के जरिए 91 लोगों को मिला स्वास्थ्य लाभ

**पूंडरी।** सांसद नवीन जिन्दल की पहल पर चलाए जा रहे स्वस्थ कुरुक्षेत्र अभियान के अंतर्गत पूंडरी हलके के गांव भाणा में मोबाइल मेडिकल यूनिट के माध्यम से 91 ग्रामीणों को स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की गईं। इस मेडिकल यूनिट में पहुंचे लोगों को एमबीबीएस डॉक्टर की देखरेख में निःशुल्क परामर्श दिया गया और जांच के बाद मुफ्त दवाइयां वितरित की गईं। साथ ही मरीजों के रक्त और यूरीन की जांच भी मौके पर की गई।इस अवसर पर लोगों को खानपान और जीवनशैली से जुड़ी स्वास्थ्यवर्धक आदतों के बारे में जागरूक किया गया ताकि वे लंबे समय तक स्वस्थ जीवन जी सकें।इस कार्यक्रम में महावीर शर्मा, अनिल शर्मा, सोमदत्त समेत नवीन जिन्दल फाउंडेशन की टीम और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। ग्रामीणों ने इस पहल की सराहना करते हुए सांसद नवीन जिन्दल का आभार व्यक्त किया।



सीवन श्री कृष्ण कृपा सेवा मंदिर में उपस्थित श्रद्धालुओं को अपने प्रवचन सुनाते स्वामी श्री ज्ञानानंद जी

## मन की स्थिरता ही सच्चे सुख की कुंजी है : स्वामी ज्ञानानंद

**सीवन।** स्वामी श्री ज्ञानानंद ने श्री कृष्ण कृपा सेवा मंदिर में अपने प्रवचनों में उपस्थित श्रद्धालुओं को कहा कि जो व्यक्ति अपने जीवन में ईश्वर को केंद्र में रखता है, उसका जीवन अपने आप सही मार्ग पर चलने लगता है। उन्होंने कहा कि मन की स्थिरता ही सच्चे सुख की कुंजी है और यह स्थिरता सत्संग, सेवा और साधना के माध्यम से प्राप्त होती है। क्रोध, लोभ और ईर्ष्या जैसे मन के विकारों से दूर रहकर मनुष्य को परोपकार और करुणा के मार्ग पर चलना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक कार्य में प्रभु की कृपा का अनुभव करना चाहिए और चाहे परिस्थिति कैसी भी हो, धैर्य बनाए रखना चाहिए। स्वामी जी ने यह भी कहा कि जीवन में छोटी-छोटी बातों पर मन को व्यथित नहीं करना चाहिए, बल्कि हर क्षण को प्रभु की भक्ति और सेवा में लगाना चाहिए। उन्होंने समझाया कि जैसे दीपक स्वयं जलकर दूसरों को प्रकाश देता है, वैसे ही मनुष्य को भी अपने सद्कर्मों से समाज में प्रकाश फैलाना चाहिए। अहंकार का त्याग कर विनम्रता को अपनाने से ही आत्मिक उन्नति संभव होती है। उन्होंने श्रीमद्भागवत गीता का संदर्भ देते हुए कहा कि निष्काम कर्म ही सच्चा मानव धर्म है।

पूर्णिमा शुक्ल पक्ष का आखिरी दिन होता है, शास्त्रों में पूर्णिमा के व्रत का विशेष महत्व

# श्री कपिल मुनि धाम पर ज्येष्ठ मास की पूर्णिमा पर लगा मेला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कलायत



**कलायत।** कलायत के श्री कपिल मुनि मंदिर में ज्येष्ठ पूर्णिमा अवसर पर झूमती महिलाएं।

कलायत के प्राचीन श्री कपिल मुनि धाम पर ज्येष्ठ मास की पूर्णिमा अवसर पर मेला भरा। इसमें बड़ी संख्या मे श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ा। श्रद्धालुओं ने पहले कपिल तीर्थ में स्नान किया और पूजा अर्चना की। मंदिर पुजारी संजय शास्त्री और अनिरुद्ध गौतम ने कहा कि हर माह में एक बार पूर्णिमा तिथि आती है। पूर्णिमा शुक्ल पक्ष का आखिरी दिन होता है। शास्त्रों में पूर्णिमा के व्रत का विशेष महत्व माना गया है। पूर्णिमा के दिन लक्ष्मी नारायण के अलावा चंद्रमा की पूजा की जाती है। मान्यता है कि पूर्णिमा व्रत मानसिक कष्टों से मुक्ति दिलाने वाला होता है। ज्येष्ठ मास की पूर्णिमा की बात करें तो इस तिथि का महत्व कहीं ज्यादा बढ़ जाता है। इस दिन महिलाएं अपने पति की दीघार्यु और अखंड सौभाग्य की प्राप्ति के लिए वट पूर्णिमा का व्रत रखती हैं। वट पूर्णिमा का व्रत वट अमावस्या के समान पुण्यदायी माना गया है। इसे वट सावित्री व्रत भी कहा जाता है। नरेश वर्मा, बिमला, राज रानी, सुषमा, पूजा, राजेंद्र और अन्य श्रद्धालुओं ने कहा कि बहुत लंबे समय के बाद कपिल तीर्थ में स्नान के लिए जल मिला है। उन्होंने शासन-प्रशासन से सुचारू रूप से तीर्थ में जल भराव की मांग की। इस अवसर पर मंदिर परिसर में भंडारे व मेले का आयोजन भी किया गया। मंदिर परिसर व बाहर सजी दुकानों से मेले में आने वाले श्रद्धालुओं ने जम कर खरीददारी की। साथ ही धार्मिक भजनों में महिलाएं उत्साह एवं उमंग से थिरकती नजर आई।

#### सोने की चैन झटकने की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस

पूर्णिमा मेला पर कलायत के कपिल तीर्थ पर हजारों की भीड़ उमड़ी। जाम का फायदा उठाते हुए मेरठ निवासी एक महिला ने गांव कुराड़ की महिला के गले से सोने की चेन झपटने का प्रयास हुआ। महिला के साथ की अन्य महिलाओं ने झपटामार महिला को काबू किया। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर मेरठ निवासी महिला के पर्स से चेन और 1500 रुपए मौके पर ही बरामद किए। थाना प्रभारी रामनिवास ने बताया की चेन झपटने की आरोपी मेरठ निवासी महिला के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है।

## खबर संक्षेप

### युवती को शादी का झांसा देकर किया दुष्कर्म

**कैथल** । एक युवती को शादी का झांसा देकर उसके साथ दुष्कर्म करने के आरोप में महिला पुलिस कैथल ने एक युवक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। कैथल की एक कॉलोनी की महिला ने आरोप लगाया है कि उसकी दीपक के साथ जान पहचान थी। दीपक 1 अक्टूबर 2022 से लेकर 7 जून 2024 तक उसको शादी का झांसा देकर उसके साथ दुष्कर्म करता रहा। बाद में आरोपी ने उसे शादी करने से इनकार कर दिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### शहीद रणधीर के बलिदान दिवस पर कार्यक्रम 28 को

**जींद**। मैढ सुनार सभा द्वारा आगामी 28 जून को शहीद रणधीर सिह वर्मा के बलिदान दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन कर युवाओं को देश सेवा के लिए प्रेरित किया जाएगा। सभा प्रधान सत्यनारायण सोनी, महासचिव राममेहर वर्मा, नरेश सोनी, गौरव सोनी तथा नरेन्द्र भामा ने बताया कि गांव लुदाना में शहीद रणधीर सिह वर्मा के स्मारक पर पुष्पाजंलि अर्पित करने के उपरांत युवाओं को देश सेवा करने की शपथ दिलाई जाएगी। इस मौके पर पौधारोपण भी किया जाएगा।

### कॉलेज छात्रा को भगा ले जाने का मामला दर्ज

**कैथल**। कैथल के एक महिला कॉलेज में पढ़ने के लिए आई युवती को शादी का झांसा देकर भगा ले जाने के आरोप में पुलिस ने एक युवक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। गांव के एक व्यक्ति ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया है कि उसकी बेटी कैथल के एक महिला कॉलेज में पढ़ने के लिए आती थी। आरोप है कि 10 जून को भी उसकी बेटी पढ़ने के लिए आई थी। इसी दौरान बिट्टू नामक युवक उसकी बेटी को शादी का झांसा देकर अपने साथ बहला फुसलाकर भगा ले गया। जांच अधिकारी हेड कांस्टेबल बबली ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### तहसील कार्यालय में किसानों का धरना जारी

**नरवाना**। तहसील कार्यालय में संयुक्त किसान मोर्चे का धरना मास्टर बलबीर सिंह राज्य अध्यक्ष अखिल भारतीय किसान सभा हरियाणा के नेतृत्व में आज भी 1149 वें दिन भी जारी रहा। मास्टर बलबीर सिंह राज्य अध्यक्ष अखिल भारतीय किसान सभा हरियाणा ने मंच सांझा करते हुए बताया कि किसान और किसानी की मुसीबतें कम होने का नाम नहीं ले रही हैंए जिस में सरकार की किसानों के प्रति बेरुखी और प्रकृति की मार दोनों शामिल हैं।

### मारपीट की घटनाओं में चार घायल, केस दर्ज

**कैथल**। गांव क्योड़क में हुई मारपीट में एक महिला से ही तीन व्यक्ति घायल हो गए। उन्हें अस्पताल में दाखिल करवाया गया है। क्योडक की महिला पिंकी ने सदर पुलिस कैथल को दी शिकायत में आरोप लगाया है कि 8 जून को सायं 7 बजे गांव के ही कुलदीप, राहुल, सता, धीरा, सनी, विशाल, बीरभान, महावीर, तरसेम, सुमित, सोनू, रिंकू, विनोद, कर्मवीर, हुसन, बबलू और बलिंदर ने मिलकर लाठी डंडे और गंडासियों से मारपीट करते हुए उसे प्रेम तथा अंकित को घायल कर दिया।

---

### अग्निवीर योजना में मिलती है पांच नंबर की अतिरिक्त वेटेज

# जींद राजकीय आईटीआई के लिए 1490 छात्रों ने किया आवेदन

**जिले की नौ राजकीय आईटीआई में 2928 और 16 निजी आईटीआई में 2556 सीटें शामिल**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

महाविद्यालयों में यूजी कोर्स के साथ ही राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) में भी दाखिला प्रक्रिया जारी है। मात्र छह दिन में ही जींद राजकीय आईटीआई के लिए 1490 छात्रों ने दाखिले के लिए आवेदन किया है। कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग द्वारा जारी शेड्यूल के अनुसार इच्छुक विद्यार्थी दाखिले के लिए 20 जून तक आवेदन कर सकते हैं।

दाखिला आवेदन के मामले में राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान जींद प्रदेशभर में छठे स्थान पर है। यहां अबतक कुल 1490 छात्रों ने दाखिले के लिए आवेदन किया है। जबकि कैथल आईटीआई प्रदेशभर में अव्वल है। इस बार इलेक्ट्रिशियन ट्रेड छात्रों की पहली पसंद बनी हुई। वहीं दूसरे नंबर पर कंप्यूटर आप्रेटर एवं प्रोग्रामिंग को छात्र ज्यादा त्वज्जो दे रहे हें।



जींद। आईटीआई में दाखिले के लिए आवेदन करने आए छात्र। *फोटो : हरिभूमि*

#### ये प्रमाण पत्र रखें साथ

एडमिशन के लिए आठवीं, दसवीं या इससे अधिक योग्यता का प्रमाण पत्र, फैमिली आईडी, चरित्र प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, हरियाणा डोमिसाइल, रंगीन फोटो, मोबाइल नंबर, ई-मेल आईडी, विंकलांगत प्रमाण पत्र, पूर्व सैनिक प्रमाण पत्र, यदि पिता नही है तो मृतक प्रमाण पत्र साथ रखें। आवेदन अच्छे से भरें और पूरी तरह जांचें।

#### आईटीआई में कुल 5484 सीटें

जिलेभर की 25 राजकीय और निजी आईटीआई में विभिन्न ट्रेड में 5484 सीटें हैं। इनमें नौ राजकीय आईटीआई में 2928 और 16 निजी आईटीआई में 2556 सीटें शामिल हैं। हरियाणा व सीबीएसई बोर्ड की दसवीं व 12वीं का परीक्षा परिणाम जारी होने के बाद विद्यार्थियों का रुख इस समय कालेज में दाखिलों की तरफ है। आईटीआई में गत छह जून से दाखिला पोर्टल ओपन होने के साथ ही दाखिला प्रक्रिया जारी है।

#### आवेदन में पूरी सतर्कता बरतें : प्राचार्य

राजकीय आईटीआई के प्राचार्य नरेश कुमार ने बताया कि दाखिला प्रक्रिया को लेकर चार हैल्प डैस्क लगाए गए हैं। आवेदन करते हुए छात्र पूरी सतर्कता बरतें ताकि बाद में कोई परेशानी न हो। आईटीआई में छात्र निशुल्क आवेदन करवा सकते हैं। विद्यार्थियों की सबसे पहली पसंद जींद की कैथल रोड स्थित राजकीय आईटीआई रहती है। यहां आवेदन के समय कई ट्रेड में 100 से ऊपर मेरिट लिस्ट रहती है। वहीं राजकीय आईटीआई में निर्धारित सीटों पर तीन से चार गुना आवेदन भी आते हैं। ऐसे में विद्यार्थियों के लिए आईटीआई में दाखिले को लेकर प्रतिस्पर्धा देखने को मिलेगी।

#### यूजी दाखिले की पहली मेरिट लिस्ट 26 जून को



प्रो .सत्यवान मलिक

**जींद**। उच्चतर शिक्षा विभाग ने महाविद्यालयों में यूजी कोर्स में दाखिले को लेकर दोबारा से नया शेड्यूल जारी किया है। अब पहली मेरिट लिस्ट 26 जून को जारी होगी। जबकि इससे पहले वाले शेड्यूल के अनुसार पहली मेरिट लिस्ट 19 जून को जारी होनी थी लेकिन अब शेड्यूल में बदलाव किया गया है। नए शेड्यूल के अनुसार विद्यार्थी विषय में बदलाव के लिए 17 जून तक आवेदन कर सकते हैं। वहीं कॉलेजों में दाखिला कमेटी द्वारा विद्यार्थियों के दस्तावेजों की जांच 22 जून तक की जाएगी। इसके बाद 26 जून को पहली मेरिट लिस्ट जारी होगी। जिन विद्यार्थियों का नाम मेरिट लिस्ट में आएगा। वह विद्यार्थी 27 जून से लेकर 30 जून तक दाखिले के लिए फ ीस जमा करवा सकते हैं। 16 जून तक विद्यार्थी दाखिले के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। वहीं आवेदन के साथ.साथ कॉलेजों में विद्यार्थियों के दस्तावेजों की जांच का भी कार्य चल रहा है। पहली मेरिट लिस्ट के बाद सीट खाली रहने पर तीन जुलाई को दूसरी मेरिट लिस्ट जारी होगी। जिन विद्यार्थियों का नाम दूसरी मेरिट लिस्ट में आएगा। वे चार जुलाई से लेकर सात जुलाई तक फ ीस भर सकेंगे। दो मेरिट लिस्ट के बाद भी अगर कॉलेजों में खाली सीट रह जाती है तो नौ जुलाई को फिजिकल काउंसलिंग शुरू होगी। रजिस्ट्रेशन और विषयों में बदलाव को लेकर उच्चतर शिक्षा विभाग द्वारा दस जुलाई को दोबारा से पोर्टल खोला जाएगा। 11 जुलाई से लेकर 17 जुलाई तक 100 रुपये लेट फ ीस के साथ विद्यार्थी दाखिला ले सकते हैं। फि र 18 जुलाई से लेकर 24 जुलाई तक पहले वाले 100 रुपये लेट फ ीस और 100 रुपये हर रोज लेट फ ीस भर कर विद्यार्थी दाखिला ले सकेंगे। वहीं महाविद्यालयों में यूजी कोर्स में रजिस्ट्रेशन को लेकर 19 मई से आवेदन प्रक्रिया जारी है। जिलेभर के 17 राजकीय और निजी कॉलेजों सहित सीआरएसयू में यूजी कोर्स में लगभग साढ़े 11 हजार सीट हैं। ऐसे में विद्यार्थियों द्वारा कॉलेजों में दाखिले के लिए अपनी पसंदीदा संकाय में आवेदन किए जा रहे हैं। राजकीय महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. सत्यवान मलिक ने बताया कि उच्चतर शिक्षा विभाग कॉलेजों में दाखिले के लिए दोबारा से नया शेड्यूल जारी किया गया है। पहले 19 जून को पहली मेरिट लिस्ट जारी होनी थी। 16 जून तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

#### पांच नंबर की अतिरिक्त वेटेज

इस बार आईटीआई में दाखिले के लिए छात्र इसलिए भी आवेदन कर रहे हैं कि अग्निवीर योजना में जहां आईटीआई पास युवाओं को पांच नंबर की अतिरिक्त वेटेज दी जा रही है। इसके अलावा सेना, रेलवे में समय-समय पर भर्तियां निकाली जाती हैं। जिनमें आईटीआई कोर्स को त्वज्जो दी जाती है।

---

# मुफ्त बिजली योजना का लाभ उठाएं पात्र नागरिक

- सोलर सिस्टम लगाकर ऊर्जा संबंधित जरूरतों को पूरा करने में खुद को बनाएं सक्षम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

केंद्र सरकार द्वारा पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना शुरू की गई है। अंत्योदय परिवार जिनकी सालाना आय 1.80 लाख से कम है व जिनकी सालाना बिजली खपत 2400 युनिट तक है, वे दो किलोवाट तक का सोलर पैनल लगवाने पर भारत सरकार की ओर से 60 हजार रुपये व हरियाणा सरकार की ओर से 50 हजार रुपये अनुदान यानि कि कुल 1.10 लाख रुपये का अनुदान प्राप्त कर सकते हैं।



डीसी मोहम्मद इमरान रजा

जिन परिवारों की सालाना आय तीन लाख रुपये तक है व जिनकी सालाना बिजली खपत 2400 यूनिट तक है वो परिवार दो किलोवाट तक का सोलर पैनल लगवाने पर भारत सरकार की ओर से 60 हजार रुपये व हरियाणा सरकार की ओर से 20 हजार रुपये का अनुदान यानि कि कुल 80 हजार का अनुदान प्राप्त कर सकते हैं। इसके बाद तीन किलोवाट तक का सोलर पैनल लगवाने पर भारत सरकार की ओर से 78 हजार रुपये का अनुदान दिया जाएगा।

#### अनुदान के लिए आय से संबंधित कोई शर्त नहीं

डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने कहा कि केंद्र सरकार का अनुदान सभी आय वर्गों के लोगों को दिया जाएगा। यानि केंद्र का अनुदान लेने के लिए आय से संबंधित कोई शर्त नहीं है। इस योजना का लाभ लेने से बिजली बिल जीरो हो जाएगा और जो अतिरिक्त बिजली बचेगी, उस बिजली को भी सरकार खरीदेगीए जिससे उनकी अतिरिक्त आय होगा। उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार की यह बेहतरीन योजना है जिसके द्वारा समाज की हर वर्ग की ऊर्जा संबंधित जरूरतों को पूरा किया जा सकता है। अगर खपत से ज्यादा बिजली का उत्पादन सोलर पैनल द्वारा किया जाता है तो वह बिजली के खाते में जाएगा जिसका भुगतान सरकार द्वारा उस मकान मालिक को किया जाएगा। इस योजना से सौर ऊर्जा के उपयोग को प्रोत्साहन मिलेगा।

### पांच वामपंथी पार्टियों ने 17 जून को फिलिस्तीन के साथ एकजुटता दिवस मानाने का लिया निर्णय

**कैथल**। भारत की काम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी), भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी, कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया (एम. एल.), आल इंडिया फॉरवर्ड ब्लॉक,आर. एस. पी. सहित पांच वामपंथी पार्टियों ने गाजा में फिलिस्तीनी लोगों के खिलाफ इजरायली सरकार द्वारा चलाए जा रहे नरसंहारक युद्ध की कड़ी निंदा की हैं और 17 जून को देश भर में फिलिस्तीन के साथ एकजुटता कार्रवाईयाँ करने का आह्वान किया है। यह जानकारी माकपा हरियाणा के सचिव कामरेड प्रेम चंद ने प्रेस को बयान जारी करते हुए दी। उन्होंने कहा अब तक गुजरे बीस महीनों के दौरान, इजराइल की लगातार बमबारी और सैन्य आक्रामकता ने 55,000 से अधिक फिलिस्तीनियों को मार डाला है जिनमें से अधिकांश महिलाएं और बच्चे हैं। गाजा के लोगों को एक अभूतपूर्व मानवीय तबाही में धकेल दिया है।

---

# शीतली, सीत्कारी प्राणायाम गर्मी व हीट वेब बचाव में उपयोगी : शकुंतला

- स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों ने किया योगाभ्यास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

जिला प्रशासन एवं आयुष विभाग के संयुक्त तत्वाधान में 11वें अन्तरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों की श्रृंखला में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा जिला नागरिक हस्पताल में योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण शिविर का अभ्यास किया गया।

जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. शकुंतला दहिया के मार्गदर्शन में योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण शिविर में गर्दन एवं कंधे के लिए सूक्ष्म व्यायाम, बैलेंस के लिए वृक्षासन, त्रिकोणासन, अर्धचकासन तथा हाईपर टेंशन व तनाव के लिए शीतली एवं भ्रामरी प्राणायामक का अभ्यास करवाया। शीतली, सीत्कारी प्राणायाम गर्मी व हीट वेब बचाव में बहुत उपयोगी है। सिविल सर्जन डॉ रेनू चावला ने बताया कि जिला नागरिक अस्पताल तथा जिले के सभी सीएचसी, पीएचसी में ओपीडी में आने वाले मरीजों को चिकित्सीय सलाह के साथ-साथ आयुष योग सहायकों द्वारा रोग के अनुसार प्रशिक्षण दिया जाता है।



कैथल। योगासन करते स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी।

### डेरा प्रेमी कृष्ण चंद की पार्थिव देह मेडिकल शोध के लिए दान दी



**कैथल**। शहर के मलिक नगर में एक डेरा प्रेमी ने मेडिकल शोध के लिए अपने शरीर को दान कर दिया। डेरा सच्चा सौदा के अनुयायी कृष्ण चंद इन्सा (77 वर्ष) ने मृत्यु से पहले ही शरीर दान का संकल्प ले लिया था।

कृष्ण चंद ने मंगलवार देर रात अंतिम सांस ली जिसके बाद परिजनों ने उनकी अंतिम इच्छा अनुसार पार्थिव शरीर को श्री गुरु राम राय इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल एंड हेल्थ साइंस एवं श्री महावत इंदरेश अस्पताल, पटेल नगर, देहरादून को दान कर दिया।

# राज्य स्तरीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता के लिए होगा खिलाड़ियों का चयन

- जींद जिले से कुल 20 खिलाड़ियों का किया जाएगा चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

गत 27 से 29 जून तक पंचकूला में होने वाली राज्य स्तरीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाडिय़ों का जिला स्तर पर चयन किया जाएगा। इसमें महिला और पुरुष के अलग-अलग दस किलोभार वर्ग की कैटेगरी में जिले से कुल 20 खिलाडिय़ों का चयन किया जाएगा।

यह प्रतियोगिता सीनियर वर्ग की प्रतियोगिता है। प्रदेशभर से राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में कुल 440 खिलाड़ी भाग लेंगे। महिला, पुरुष वर्ग में प्रथम, द्वितीय और दो तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले खिलाडिय़ों को क्रमशः पांच हजार, तीन हजार और दो हजार रुपये का नगद इनाम दिया जाना है। ऐसे में खेल विभाग ने प्रदेश के सभी जिला खेल अधिकारियों को 26 जून तक खिलाडिय़ों का चयन कर पंचकूला के सेक्टर 3 स्थित ताऊ देवीलाल स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में भेजने के निर्देश दिए हैं। जिला स्तर पर जिन खिलाडिय़ों का ट्रायल के आधार पर चयन होगा, वे खिलाड़ी राज्य स्तरीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता में भाग लेंगे। प्रतियोगिता में राज्य में स्थापित विभागीय प्रशिक्षकों के केंद्र, निजी प्रशिक्षण केंद्र, शिक्षण संस्था और कर्मचारी इस प्रतियोगिता में भाग ले सकते हैं।

#### इन भार वर्ग में होगा चयन

सीनियर महिला वर्ग की प्रतियोगिता के लिए अलग-अलग कैटेगरी से खिलाडिय़ों का चयन किया जाना है। इसमें 45 से 48, 51 किलो, 54 किलो, 57 किलो, 60 किलो, 65 किलो, 70 किलो, 75 किलो, 80 किलो और 80 से ज्यादा किलोभार वर्ग में खिलाडिय़ों का चयन होगा। इसी प्रकार सीनियर पुरुष वर्ग में 47 से 50 किलो, 55 किलो, 60 किलो, 65 किलो, 70 किलो, 75 किलो, 80 किलो, 85 किलो, 90 किलो और 90 किलो से ज्यादा भार वर्ग में खिलाडिय़ों का चयन किया जाना है।

---

### मांगों का एक माह में समाधान का आश्वासन

**कैथल**। हरियाणा शिक्षा विभाग कर्मचारी तालमेल कमेटी संबंध सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के 12 सदस्यीय प्रतिनिधिमण्डल की अतिरिक्त मुख्य सचिव शिक्षा विभाग हरियाणा सरकार के साथ शिक्षा सदन पंचकुला में लगभग 2 घंटे तक 15 सूत्रीय मांगपत्र पर वार्ता मिटिंग चली। इस मिटिंग में निदेशक सैकण्डरी, निदेशक मौलिक व अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे।

तालमेल कमेटी का नेतृत्व कन्वीनर प्रभु सिह ने किया तथा रामपाल शर्मा , हितेन्द्र सिहाग, कपिल सिरोही ने साझे मांग पत्र को प्रस्तुत कर कर्मियों का पक्ष रखा, मांगपत्र में शामिल विभागीय मांगो का एक माह में समाधान करने का आश्वासन और कुछ बिन्दुओं पर सरकार की सहमति के लिए भेजा जाएगा।

# भीषण गर्मी के चलते जगह-जगह लगाई छबीलें

- लोगों को पानी पिलाने से पुण्य के साथ मन को शांति भी मिलती है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजौंद

गांव कोटडा अड्डे पर नींबू पानी की छबील लगाकर इस भीषण गर्मी में राहगीरों की प्यास बुझाई।

इस भीषण गर्मी में दिन प्रतिदिन गर्म हवाओं में हर कोई घरों में दुबकने को मजबूर हो रहा है। इस भयंकर गर्मी को देखते हुए गांव कोटडा बस अड्डे पर युवाओं द्वारा नींबूपानी की छबील लगाकर लोगों के कंठ को ठंडा किया गया आस्था ऐसी थी की भयंकर गर्मी में सड़क से गुजरने वाले हर वाहन को रुकवा रुकवा कर ठंडा मीठा नींबू पानी पिलाकर राहगीरो की प्यास बुझाई गई। इससे पहले भी कई बार गांव के युवा गर्मी में निरंतर ठंडे मीठे पानी की छबील लगातार लोगों की प्यास बुझाई जा रही है। इस दौरान कुलदीप,अभिषेक, दलवीर, अमित, अंकित सहित कई युवा साथी मौजूद रहे।इसके अलावा राजौंद कैथल रोड पर ठंडे मीठे पानी की छबील लगाकर लोगों की प्यास बुझाई गई। तपती दोपहर व भयंकर गर्मी के चलते ठंडे मीठे पानी की छबील लगाकर मार्ग से गुजरने वाले हर वाहन को रोक रोक कर राहगीरों की प्यास बुझाई गई। सभी सेवादारों की श्रद्धा आस्था देखते ही बन रही थी और हर वाहन को रोक.रोकर उन्हें ठंडा व शीतल मीठा जल पिलाया जा रहा था। इस छबील में सेवा कार्य में लगे धर्मेन्द्र अरोड़ा,मिलो मिस्त्री इन्द्र नंबरदार,अक्षय बत्रा,राकेश शर्मा सहित कई अन्य सेवादारों ने कहा कि सभी राहगीरों ने ठंडा मीठा पानी पीकर गर्मी से राहत महसूस की। उन्होंने कहा कि गर्मी के मौसम में लोगों को पानी पिलाने से पुण्य मिलता है और इस प्रकार का कर्म करने में मन को शांति भी मिलती है।





**कैथल**। कैथल रोड पर ठंडे व मीठे पानी की छबील लगाकर लोगों की प्यास बुझाते हुए सेवादार *फोटो : हरिभूमि*

# जेल से छुटकर आए आरोपी ने घर में घुसकर धमकाया

- मकान खाली करने के नाम पर झगड़ने लगा आरोपी किराएदार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जेल से छुट कर आया आरोपित किरायेदार दीवार फांद कर पीड़िता के घर में हमले की नियत से घुस गया। पीड़िता के परिजनों को एकजुट देख आरोपित धमकी देता हुआ फरार हो गया।

शहर थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपित के खिलाफ मामला दर्ज किया है। संत नगर निवासी नेहा ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह निजी स्कूल में अध्यापिका है। कुछ समय पहले उन्होंने भूना फतेहबाद निवासी आमीन को अपना मकान किराये पर दिया था। काफी समय बीत जाने के बाद भी आरोपित ने आईडी प्रूफ नही दिया। जिस पर उन्होंने मकान खाली करने के लिए कहा। आरोपित ने मकान खाली करने से मना किया और झगड़े पर उतर आया। पुलिस को शिकायत करने के बाद आरोपित को जेल भेज दिया। अब आरोपित जेल से बाहर आया हुआ है। बीती देर रात को आरोपित आमीन दीवार फांद कर हथियार के साथ मकान में घुस आया। शोर मचाए जाने पर उसके परिजन बरामदे में आ गए जिस पर आरोपित धमकी देता हुआ फरार हो गया।

---

# लव मैरिज और लिव इन रिलेशनशिप कानूनों पर सरकार खाप से करे बात

- माजरा खाप पंचायत ने बैठक कर रोष व्यक्त किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

लव मैरिज, लिव इन रिलेशनशिप, समलैंगिक आदि कानूनों व गंदे व अश्लील गाने, गन कल्चर को लेकर माजरा खाप पंचायत ने रोष व्यक्त किया है।

माजरा खाप पंचायत के प्रधान गुरविंदर सिंह संधू, सचिव महेंद्र सिंह सहारण ने बताया कि लंबे समय से खाप पंचायतें इनकानूनों को निरस्त व संशोधन करने की मांगे कर रही हैं। दो बार मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से खाप पंचायतें मुलाकात भी कर चुकी हैं। कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल से भी उत्तर भारत की खाप पंचायतें देहली उनके निवास पर पर मिली हैं और कानूनों पर खापों काम पक्ष रखा। मंत्री ने आश्वासन भी दिया कि एक कमेटी खाप पंचायत व उच्च अधिकारियों की बनाई जाएगी लेकिन आजतक कुछ भी नही हुआ। समुंद्र सिंह ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार ने हाल ही मे लव मेरिज पर संशोधन किया है कि लव मैरिज पर मां-बाप की सहमति आवश्यक होगी। शादी करवाने वाले की तस्दीक होगी।



जींद। बैठक में भाग लेते हुए खाप प्रतिनिधि। *फोटो :हरिभूमि*

### दानवीरों ने 88 यूनिट रक्तदान कर परमजीत को श्रद्धांजलि दी

# परमजीत सिंह की पुण्यतिथि पर लगाया रक्तदान शिविर

- शिविर में आए रक्तदाताओं को बैज लगाकर सम्मानित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

स्व. परमजीत सिंह की नौंवी पुण्यतिथि पर विजय नगर जींद स्थित कार्यालय में रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। इस रक्तदान शिविर में 88 दानवीरों ने अपना रक्तदान कर स्व परमजीत सिंह को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी सदस्य प्रमोद सहवाग ने यह जानकारी देते हुए बताया कि बड़े भाई स्व. परमजीत सिंह की स्मृति में उनकी नौवीं पुण्यतिथि पर जिला रेडक्रास के सहयोग से लगातार नौवें वर्ष रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। रक्तदान शिविर में काफी संख्या में युवाओं ने रक्तदान कर स्व. परमजीत सिंह को अपनी भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी। हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी सदस्य सहवाग के पिता राजेंद्र सहवाग, बड़े भाई जोगिंद्र सहवाग, परिजनों और शहर के गणमान्य लोगों ने सभी रक्तदाताओं को बैज लगाकर सम्मानित किया और रक्तदाताओं का आभार जताया।

सहवाग ने कहा कि बड़े भाई परमजीत सिंह हमेशा जरूरतमंदों की सेवा को तत्पर रहते थे। उनकी नेक सोच को आगे बढ़ाने के लिए परिजन और उनके मित्रए कांग्रेस पार्टी के युवा साथी मिलकर लगातार पिछले नौ वर्षों से रक्तदान शिविर आयोजित कर रहे हैं। यह रक्त जरूर कई लोगों को नया जीवन देगा। सहवाग ने भी रक्तदान कर युवाओं को प्रेरित किया।




जींद। स्व . परमजीत सिंह की नौवीं पुण्यतिथि पर आयोजित रक्तदान शिविर में रक्तदाताओं का आभार प्रकट करते हुए।